सवालीराम से पूछा है सवाल

पिछले दिनों मैंने अपने घर पर एक प्रयोग किया। मैंने एक लोहे का टुकड़ा और एक टूटी हुई स्टील की चम्मच पौधों की क्यारियों में रख दी कुछ दिनों के बाद लोहे के टुकड़े पर तो काफी सारी जंग लगी थी लेकिन स्टील की चम्मच वैसी की वैसी चमचमा रही थी। मेरा सवाल है कि जब स्टील की चम्मच भी लोहे से बनी है तो उसमें जंग क्यों नहीं लगता?

– नम्रता रघुवंशी, पिपरिया, ज़िला होशंगाबाद।

ज़रा सिर खुजलाइए



हो सकता है आपने सिक्कों को कई बार इस पैर्टन में जमाया होगा। यदि आपने गौर किया हो तो इस पैर्टन में कई समबाहु त्रिभुज बन रहे हैं। अब आपको सिर्फ इतना करना है कि इन 10 सिक्कों में से कुछ सिक्के इस तरह हटाने हैं कि किसी भी आकार का समबाहु त्रिभुज न बन सके। बस आखरी बात यह है कि आप कितने कम-से-कम सिक्के हटाकर ऐसा कर पाते हैं यही कसौटी है आपके सही जवाब की।

इन दोनों सवालों के जवाब हमें इस पते पर लिखकर भेजें:

संदर्भ

द्वारा एकलव्य कोठी बाज़ार

होशंगाबाद, म. प्र. पिन: 461001